भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 817
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) **को दिया जाने वाला**
उत्तर

सहारनपुर में नया हवाई अड्डा

817. श्री इमरान मसूदः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार यात्रियों को हवाई संपर्क प्रदान करने के लिए व्यापार को बढ़ावा देने और छोटे विमानों का उपयोग करने के लिए सहारनपुर में एक नया हवाई अड्डा विकसित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): भारत सरकार (जीओआई) ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी हवाईअड्डा विकासकर्ता, हवाईअड्डा विकसित करना चाहते हैं, तो उन्हें उपयुक्त स्थल को चिह्नित करना होगा और व्यवहार्यता-संबंधी अध्ययन कराना होगा तथा 'साइट क्लीयरेंस' और तत्पश्चात 'सैद्धांतिक' अनुमोदन के लिए केन्द्रीय सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना हेतु 'साइट क्लीयरेंस' प्रदान करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय में जीएफए नीति के तहत कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अलावा, आरसीएस-उड़ान योजना के तहत, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने 46.86 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के साथ उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के सरसावा में एक सिविल एन्क्लेव विकसित किया है।

******